RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज


नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 170 | नागौर, 21 मई, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## भारत में ओमिक्रॉन के सब वैरिएंट बीए-4 का पहला केस मिला

नई दिल्ली.



भारत में ओमिक्रॉन के सब वैरिएंट बीए 4 का पहला केस हैदराबाद में मिला है। सूत्रों ने बताया कि कोरोना का यह स्ट्रैन बीए 2 जैसा ही है। इंडियन सॉर्स कोव-2 जिनोमिक्स कंसोर्टियम (इंसाकोग) ने इसकी पुष्टि कर दी है।

देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 1,716 नए मामले सामने आए हैं और 3 मरीजों की मौत हो गई। अच्छी बात यह है कि बीते दिन 2,111 मरीजों की रिपोर्ट निगेटिव आ गई। इस तरह से देश में कोरोना का इलाज करवा रहे 400 मरीज कम हुए हैं। देश में अभी 13 हजार 678 मरीज कोरोना संक्रमित हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

अगर बुधवार के आंकड़ों को देखें तो कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या में काफी कमी आई है। बुधवार को 33 मरीजों की मौत हुई थी, जबकि 1,829 नए मरीज सामने आए थे। एक दिन पहले मंगलवार को देश में कोरोना के 1,569 मरीज मिले थे और 19 संक्रमितों की मौत हुई थी।

### रिकवरी रेट बढ़कर 98.75% हुआ

कोरोना के रिकवरी रेट पर नजर डालें तो यह बढ़कर 98.75% पहुंच गया है। वहीं डेली पॉजिटिविटी रेट में मामूली बढ़त देखने को मिली है। गुरुवार को देश में पॉजिटिविटी रेट 0.50% दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पहले, यानी बुधवार को यह 0.42% था। देश में कोरोना टीकाकरण अभियान भी तेज है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 18 मई को 13 लाख 71 हजार 603 डोज लगाए गए। देश में अब तक 191 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन के डोज लग चुकी है।

### दिल्ली में एक्टिव केस 2 हजार के पार

कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित राज्य की बात करें तो दिल्ली में 520 नए केस दर्ज किए गए, जबकि एक मरीज की मौत हो गई। यहां कोरोना के एक्टिव केस 2,377 हैं। महाराष्ट्र में बीते दिन 316 नए केस मिले और एक भी मरीज की जान नहीं गई। वहीं उत्तर प्रदेश में 129 नए मामले सामने आए और 2 मरीजों की मौत हो गई। अगर टेस्टिंग की बात करें तो यूपी अव्वल रहा, यहां 1 लाख 12 हजार 315 लोगों का टेस्ट किया गया।

## वंशवाद की राजनीति से भ्रष्टाचार को बढ़ावा : मोदी

जयपुर.



जयपुर में चल रही भाजपा की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस का नाम लिए बिना परिवारवाद की राजनीति को ही प्रमुखता देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये परिवारवादी पार्टियां आज भी देश को पीछे ले जाना चाहती हैं। उनका सार्वजनिक जीवन परिवार से शुरू होता है और सिर्फ परिवार के लिए ही होता है। बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए मोदी करीब 43 मिनट बोले।

### ऐसे लोगों को जोड़ें, जिनका परिवार राजनीति में नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें ऐसे लोगों को भाजपा में मौका देना है, उन्हें पार्टी से जोड़ना है, जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। हमें याद रखना है कि परिवारवाद की राजनीति से धोखा खाने वाले लोगों का भरोसा भाजपा ही लौटा सकती है। परिवार-वंशवाद की राजनीति ने देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। लोकतंत्र बचाने के लिए परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ संघर्ष करना होगा।

### वंशवादियों ने गांधी के विजन के विपरीत काम किया

उन्होंने कहा कि वंशवाद के राजनीतिक कीचड़ में भी हमने कमल को खिलाया है। आजादी के बाद से परिवारवाद-वंशवाद की राजनीति ने देश का भयंकर नुकसान किया है। महात्मा गांधी का देश में सिर्फ नाम लिया गया, काम उनके विजन से उल्टे किए गए। वे देश में स्वावलंबन चाहते थे, लेकिन सालों तक देश को विदेशों पर निर्भर बना दिया गया, लेकिन आज देश आत्मनिर्भरता के रास्ते पर चल पड़ा है। ये काम भाजपा ने ही किया है।

### विकासवाद की राजनीति की स्थापना होनी चाहिए

मोदी ने कहा कि देश में विकासवाद की राजनीति की स्थापना होनी चाहिए। कोई भी दल हो, उसको भी विकासवाद की राजनीति पर आने के लिए मजबूर करना है। हम बड़े गर्व से कहते हैं कि यह भाजपा है, जिसने विकासवाद की राजनीति को देश की राजनीति की मुख्यधारा में लेकर आई है। कोई भी चुनाव हो, विकास पर विश्वास करने वाले लोग हों या समाज को तोड़ने की राजनीति करने वाले हों, चुनाव में हर किसी को विकास की बात करनी पड़ती है। कुछ लोगों ने विकास को भी विकृत रूप दे दिया है, ऐसे लोग समाज में तनाव को ढूंढकर जातिवाद, क्षेत्रवाद और अन्य मामले उठाकर अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं। ये लोग समाज की कमजोरियों के साथ खेल रहे हैं।

## वीक बूथ होंगे मजबूत, मंडल-जिला स्तर पर ट्रेनिंग कैंप चल रहे : जेपी नड्डा

बीजेपी की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की अलग-अलग 4 सत्र में बैठकें हो रही हैं। दूसरे सत्र में पन्ना प्रमुखों की बैठक आयोजित की जा रही है। सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी भी एक-एक पन्ने के प्रमुख हैं। पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती देने और चुनाव में पन्ना प्रमुखों के जरिए जीत तय करने की स्ट्रैटेजी पर बैठक में चर्चा की जा रही है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ यह बैठक ले रहे हैं। तीसरे सत्र में राजस्थान के पार्टी संगठन, राजस्थान में बढ़ते अपराध और जनता से जुड़े मुद्दों पर चिन्तन होगा। राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनाने के लिए स्ट्रैटेजी तैयार होगी। आगामी कार्यक्रम तय होंगे। चौथे समापन सत्र में राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। समापन सत्र को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा संबोधित करेंगे। पहले सत्र उद्घाटन सत्र रहा। जिसमें पीएम नरेन्द्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का संबोधन हुआ। राजस्थान से बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर बैठक में मौजूद हैं।

नड्डा ने दी सत्र की बैठकों की जानकारी-जयपुर के दिल्ली रोड पर कूकस स्थित पांच सितारा होटल लीला पैलेस में हो रही बैठक के दूसरे दिन के सत्रों की जानकारी देते हुए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा आज 4 सत्रों में आगामी कार्य योजना पर चर्चा होगी। संगठनात्मक विषयों, भावी कार्यक्रमों, आंतरिक संगठन की मजबूती पर चर्चा होगी। आम आदमी के सपनों को पार्टी कैसा पूरा करें इस पर भी हम चर्चा करेंगे। अंतिम व्यक्ति तक पार्टी पहुंचे, उसके कल्याण के लिए क्या काम करने हैं,इस पर पार्टी चर्चा करेगी। जेपी नड्डा ने कहा पार्टी सशक्त बूथ बना रही है। पन्ना प्रमुख पर जोरदार तरीके से काम चल रहा है। जहां बूथ कमजोर है। वहां और मजबूती प्रदान करेंगे। पार्टी के प्रशिक्षण लगातार चलते रहेंगे। मंडल, जिला स्तर पर ट्रेनिंग कैंप चल रहे हैं।

## नवजोत सिंह सिद्धू ने किया सरेंडर

### पटियाला जेल में बंद किए गए; रोड रेज केस में काटेंगे एक साल की कैद

चंडीगढ़.



रोड रेज केस में पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू ने पटियाला कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। वह साथ में कपड़ों से भरा बैग लेकर आए हैं। कोर्ट में सिद्धू के सरेंडर करने की कागजी कार्रवाई पूरी की गई। सिद्धू का माता कौशल्या अस्पताल में मेडिकल करवाया गया।

यहां सिद्धू ने गेहूं से एलर्जी की बात कही है। वहीं उनके पैर में एक बैल्ट भी बंधी है, जिसको लेकर भी उनके मेडिकल रिकॉर्ड की जांच की गई। पुलिस उन्हें अब पटियाला सेंट्रल जेल लेकर पहुंच गई है। यह वही जेल है, जहां सिद्धू के कट्टर विरोधी बिक्रम मजीठिया ड्रग्स केस में बंद हैं। हालांकि सिद्धू कैदी हैं और मजीठिया अभी हवालाती हैं।

सिद्धू को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। सरेंडर के दौरान सिद्धू ने किसी से कोई बात नहीं की। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को क्यूरेटिव पिटीशन तत्काल सुनने से इनकार कर दिया। सिद्धू के वकीलों को उम्मीद थी कि दोपहर बाद फिर सुप्रीम कोर्ट के आगे अर्जेंट सुनवाई की मांग करेंगे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हुई।

इससे पहले, सिद्धू के वकील अभिषेक मनु सिंघवी की पिटीशन पर जस्टिस एएम खानविलकर ने कहा कि हम चीफ जस्टिस के पास मामले को भेज रहे हैं, वे ही इस पर सुनवाई का फैसला करेंगे। सिद्धू ने खराब स्वास्थ्य के आधार पर सरेंडर के लिए कोर्ट से एक हफ्ते की मोहलत मांगी थी।

वहीं पंजाब में कांग्रेस के नेताओं ने सिद्धू का साथ छोड़ दिया था। हालांकि अब कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सिद्धू को फोन किया है। उन्होंने सिद्धू को भरोसा दिया कि कांग्रेस उनके साथ है। उन्होंने सिद्धू को मजबूत रहने के लिए हौसला बढ़ाया।

## प्रशांत किशोर का कांग्रेस पर निशाना : कहा- पार्टी ने चिंतन शिविर में गांधी परिवार के वजूद को बचाया; गुजरात-हिमाचल चुनाव हारेंगे

**नई दिल्ली.** प्रशांत किशोर ने कांग्रेस के चिंतन शिविर को असफल करार दिया है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उदयपुर चिंतन शिविर से पार्टी को कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। इस शिविर से कांग्रेस नेतृत्व यानी गांधी परिवार को वजूद बचाने का और वक्त मिल गया है। साथ ही प्रशांत किशोर ने गुजरात और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की हार की भी भविष्यवाणी की है। पीके ने ट्वीट करके कहा- मुझे बार-बार उदयपुर चिंतन शिविर पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया है, लेकिन मेरे हिसाब से उदयपुर चिंतन शिविर कोई भी सार्थक उद्देश्य पूरा करने में फेल रहा है। इस शिविर से सिर्फ कांग्रेस लीडरशिप को थोड़ा और समय मिल गया है, कम से कम गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनावों तक के लिए। बता दे, पीके ने अप्रैल में कांग्रेस में जान फूंकने के लिए एक 600 पन्नों का प्रेजेंटेशन दिया था। कांग्रेस ने उदयपुर में 3 दिन तक चिंतन शिविर आयोजित किया था, जिसमें 400 से ज्यादा शीर्ष नेता शामिल हुए थे। शिविर में कांग्रेस ने वन फैमिली-वन टिकट, संगठन में युवाओं को आरक्षण, देशभर में पदयात्रा निकालने जैसे कई अहम फैसले लिए थे। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि हम फिर जनता के बीच जाएंगे.

## कांग्रेस के चिंतन शिविर से घबराकर बीजेपी ने की मीटिंग : गहलोत

नई दिल्ली



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि उदयपुर में कांग्रेस के चिंतन शिविर से घबराकर भाजपा ने आनन-फानन में घबराकर जयपुर में मीटिंग की है। पीएम मोदी वीसी कर रहे हैं। यह घबराहट का परिचायक है। सीएम ने राजधानी जयपुर में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि समय आने पर जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। पीएम मोदी के 25 साल तक सत्ता में रहने के बयान पर गहलोत ने कहा कि पीएम मोदी कोई भविष्य वक्ता नहीं है, जो 25 साल तक सत्ता में रहने की भविष्यवाणी कर दें। लोकतंत्र में भविष्यवाणी कोई नहीं कर सकता है। कल जनता का मूड़ क्या हो। कोई नहीं कह सकता है।

### 50 साल की बात करने वाले 25 साल पर आ गए

सीएम गहलोत ने कहा कि मेरा मानना है कि यह पीएम मोदी का यह अहम और घमंड बोल रहा है। समय आने पर पीएम मोदी जनता जवाब देगी। मेरा मानना है कि पीएम मोदी अहम और घमंड में 25 साल की बात कर रहे हैं। भाजपा ने पहले 50 साल की बात की थी। 50 साल से 25 साल पर आ गए। थोड़े दिन बाद 25 साल से 5 साल पर आ जाएंगे। देखते हैं क्या करते हैं।

### गहलोत बोले- राजस्थान का चहुंमुखी विकास की प्राथमिकता

सीएम गहलोत ने कहा कि राजस्थान के लिए जो योजनाएं हमने बनाई है। देश के इतिहास में बेमिसाल है। किसी भी राज्य में ऐसे योजनाएं नहीं बनी है कि जो कि हमने राजस्थान में बनाई है। अब जनता के ऊपर है कि वो इन योजनाओं का किस रूप में उपयोग करें। हमारा उद्देश्य राजस्थान का चहुंमुखी विकास करना है। हमें नैरेटिव बनाना है। अगले चुनाव में जाएंगे। क्या-क्या वादें किए थे। कितने वादें निभाएं। क्या हमारी उपलब्धि है। प्रदेश के विकास के लिए इसी आधार पर हमारा नरैटिव बनेगा चुनाव के लिए।

### गहलोत बोले- मोदी के बयान पर आश्चर्य

पीएम मोदी के वंशवाद और परिवारवाद के कीचड़ में कमल खिलाने के जवाब में सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि पीएम मोदी भाजपा की बैठक में बोले है। उस पर मुझे आश्चर्य है। हमारा आरोप तो भाजपा और आरएएस पर है। भाजपा की सोच एततरफा है। ध्रुवीकरण वाली सोच है। इसी कारण से तनाव पैदा होता है। योजनाबद्ध तरीके से दंगे होते हैं। आरोप तो हमारे भाजपा पर है। भाजपा सिर्फ देश में धर्म के आधार पर राजनीति करती है। इनकी सोच एकतरफा है।

## लालू पर सीबीआई की रेड, अफसरों से धक्कामुक्की


पटना.



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के 16 ठिकानों पर शुक्रवार को सीबीआई ने छापेमारी की है। पटना में राबड़ी देवी के आवास पर आरजेडी कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। सीबीआई के खिलाफ नारेबाजी की। अफसरों के साथ धक्कामुक्की और अभद्रता की गई। महिला अफसर नीतू कुमारी को भी घेर लिया। अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। पुलिस फोर्स ने उन्हें किसी तरह से बाहर निकाला। रेलवे भर्ती बोर्ड के ग्रुप डी में हुई गड़बड़ी के मामले में ये कार्रवाई हुई है। आरोप है कि रेलवे में नौकरी देने के बदले एक लाख स्क्वॉयर फीट से ज्यादा की जमीन उपहार में ली गई है। रेलवे में नौकरी पाने वाले लोगों के घरों में भी सीबीआई ने छापा मारा है। सीबीआई ने शुक्रवार को ही लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती और हेमा यादव समेत 15 लोगों पर केस दर्ज किया। पटना में राबड़ी देवी और बड़े बेटे तेजप्रताप यादव से सीबीआई अलग-अलग कमरों में पूछताछ की।

## अपने यहां लोगों को प्यासा मारकर पानी की आपूर्ति करें, ये न्याय नहीं : खट्टर


नई दिल्ली.



देश की राजधानी दिल्ली में जल संकट को लेकर दो सरकारों के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है। एक है बीजेपी की नेतृत्व वाली सरकार जो केंद्र की सत्ता पर भी काबिज है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली के साथ-साथ पड़ोसी राज्य पंजाब की सरकार चला रही आम आदमी पार्टी। दिल्ली की तरफ से जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने पानी की किल्लत पर आरोप लगाया कि हरियाणा सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार दिल्ली को पूरा पानी नहीं दे रहा है। यमुना में तकरीबन साढे 5 फीट जल स्तर घट गया है। जल सत्र 674.5 फीट होना चाहिए, लेकिन ये 669 रह गया है। जिसकी वजह से पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है। इसके साथ ही दिल्ली सरकार की तरफ से हरियाणा सरकार से आग्रह किया गया कि वो दिल्ली को उसके हिस्से का पूरा पानी दें।

## राजनाथ की चेतावनी- भारत अब कमजोर देश नहीं रहा, किसी ने हमें छेड़ा तो हम छोड़ेंगे नहीं

नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पुणे पहुंचे थे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिना नाम लिए चीन और पाकिस्तान को बड़ा संदेश दे दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ तौर पर कह दिया कि भारत अब कमजोर देश नहीं रहा है और अगर इसे किसी ने छेड़ने की कोशिश की तो यह छोड़ेगा नहीं। अपने बयान में राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया की कोई ताकत भारत की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकती है।

### ज्ञानवापी पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश

## वाराणसी जिला जज 8 हफ्ते में सुनवाई पूरी करें; नमाज जारी रहेगी

### शिवलिंग के दावे वाली जगह सुरक्षित रखें

नई दिल्ली.

ज्ञानवापी मस्जिद मामले पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को तीसरी बार बैठी। तीन जजों की बेंच ने केस वाराणसी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट को ट्रांसफर कर दिया। यानी अब मामले की सुनवाई बनारस के जिला जज करेंगे। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने 51 मिनट चली सुनवाई में साफ शब्दों में कहा कि मामला हमारे पास जरूर है लेकिन पहले इसे वाराणसी जिला कोर्ट में सुना जाए। कोर्ट ने कहा कि जिला जज 8 हफ्ते में अपनी सुनवाई पूरी करेंगे। तब तक 17 मई की सुनवाई के दौरान दिए गए निर्देश जारी रहेंगे। बता दें कि 17 मई को सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में तीन बड़ी बातें कही थीं। पहला- शिवलिंग के दावे वाली जगह को सुरक्षित किया जाए।

दूसरा- मुस्लिमों को नमाज पढ़ने से न रोका जाए। तीसरा- सिर्फ 20 लोगों के नमाज पढ़ने वाला ऑर्डर अब लागू नहीं। यानी ये तीनों निर्देश अगले 8 हफ्तों तक लागू रहेंगे। इसमें किसी प्रकार का बदलाव नहीं होगा। कोर्ट ने इतना कहने के बाद मामले में आगे की सुनवाई वाराणसी जिला कोर्ट के हवाले कर दी।

### कोर्ट ने कहा- सभी के हित सुनिश्चित किए जाएंगे

कोर्ट ने कहा कि मामला जिला जज के पास भेजा जाए। उनके पास 25 साल का लंबा अनुभव है। इस मामले में सभी पक्षों के हित को सुनिश्चित किया जाएगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह न समझा जाए कि हम मामले को निरस्त कर रहे हैं। आपके लिए आगे भी हमारे रास्ते खुले रहेंगे।

### रिपोर्ट लीक कर माहौल बिगाड़ने की साजिश

मुस्लिम पक्ष के वकील ने कहा कि रिपोर्ट लीक कर माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है। इस पर कोर्ट ने सख्त ऐतराज जताया और यह निर्देश दिया कि इस पर रोक लगाई जाए।

### कोर्ट में हिन्दू और मुस्लिम पक्ष की दलील

कोर्ट में हिंदू पक्षकार की ओर से सीनियर वकील वैद्यनाथन और मुस्लिम पक्ष की ओर से मस्जिद कमेटी के वकील हुजेफा अहमदी ने दलीलें पेश कीं।

**1. कमीशन की रिपोर्ट पर**-हिंदू पक्ष ने कहा कि कमीशन की रिपोर्ट आ गई है। पहले उसे देखा जाए। इसके बाद ही फैसले पर विचार हो। मुस्लिम पक्ष ने जवाब में कहा कि सर्वे को लेकर जो भी निर्देश दिए गए हैं, वो अवैध है। इसलिए इसे निरस्त किया जाए। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि 15 अगस्त 1947 के समय ज्ञानवापी विवादित नहीं था। ऐसे में इस पर कोई भी फैसला नहीं दिया जाना चाहिए।

**2. लोअर कोर्ट के फैसले पर**-मुस्लिम पक्ष ने लोअर कोर्ट के फैसले को भी अवैध बताया। वहीं हिंदू पक्ष ने कहा कि पहले रिपोर्ट देख लीजिए। मुस्लिम पक्ष ने सर्वे रिपोर्ट लीक करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में एक नैरेटिव तैयार किया जा रहा है। इससे सांप्रदायिक तनाव बढ़ेगा। इसे सिर्फ एक केस न मानें, देश में बड़ा प्रभाव डालेगा।

**3. मस्जिद में नमाज पर**-मुस्लिम पक्ष ने कहा कि



मस्जिद के भीतर नमाज पढ़ने में दिक्कत हो रही है। अंदर के एरिया को सील कर दिया गया है। इसपर भी ध्यान दिया जाए। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि हम आपके सामने अयोध्या मामले में जो फैसला आया था, उसका उदाहरण देना चाहते हैं। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि इस केस को केस की तरह ना लें। वहीं हिंदू पक्ष ने दलीलें रखी कि लोअर कोर्ट में रिपोर्ट आ गई है, इसे देखने का निर्देश जारी करें।ऑर्डर जारी करने के बाद जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि मुझे उम्मीद है आप सभी आदेश से खुश होंगे।

## सम्पादकीय

# डेंगू के पांव

पिछले करीब ढाई साल से देश और दुनिया ने जिस तरह कोरोना विषाणु के संक्रमण से उपजी स्थिति का सामना किया, उसके दंश का एहसास लगभग सबको है। इसकी मार के असर का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि दूसरी बीमारियां भी लोगों के बीच थीं, लेकिन उनकी गंभीरता दर्ज नहीं हो पा रही थी। मसलन, कोरोना के संक्रमण के दौर में भी कई लोग डेंगू का शिकार हो रहे थे और आज भी यह अपने पांव फैला रहा है। यों इसके मामले समूचे देश में देखे जाते हैं और अमूमन सभी राज्यों में डेंगू के मामले चिंता की वजह बनते हैं। लेकिन दिल्ली में आमतौर पर ज्यादा लोग इसकी चपेट में आते हैं। हाल ही में डेंगू दिवस के मौके पर दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में चिकित्सकों ने यह बताया कि पहले के मुकाबले इस साल अब तक डेंगू के पांच गुना से ज्यादा मामले आ चुके हैं। यह हालत तब है जब अभी बारिश के मौसम की शुरुआत नहीं हुई है। यह किसी से छिपा नहीं है कि बरसात और इसके बाद मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के बाद डेंगू ने पिछले कुछ सालों के दौरान कैसा कहर ढाया है।

मुश्किल यह है कि डेंगू के दंश और इसकी जद में आने को लेकर चिकित्सा जगत की ओर से अक्सर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है, मच्छरों की रोकथाम के लिए जरूरी उपाय करने को कहा जाता है। लेकिन न तो सरकार को समय पर ठोस कदम उठाना जरूरी लगता है, न आम लोग अपनी ओर से साफ-सफाई और पानी का जमाव न होने देने को लेकर पर्याप्त सावधानी बरत पाते हैं। जबकि डेंगू का दंश जानलेवा साबित हो सकता है। हालांकि इसकी रोकथाम के प्रति सजगता इससे बचा भी सकती है। खासतौर पर घरों और आसपास केवल साफ पानी का जमाव नहीं होने देने के प्रति लोग सजग रहें तो डेंगू के फैलाव और इस तरह इसके दंश को कमजोर किया जा सकता है।

मगर हैरानी की बात यह है कि इसके खतरों के स्तर के बारे में जानने-समझने के बाद भी लोग कई बार छोटी-मोटी लापरवाहियां बरतते हैं, जिसकी वजह से डेंगू को अपने पांव फैलाने का मौका मिल जाता है। यह बेवजह नहीं है कि वक्त के साथ जहां डेंगू का जोर थमना चाहिए था, वहीं आज इसके मामलों में पांच गुना तक बढ़ोतरी देखी जा रही है। जाहिर है, स्वच्छता या साफ-सफाई सुनिश्चित करने के मकसद से चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों के बावजूद आज भी डेंगू के लिए जिम्मेदार मादा एडीज इजिप्टी मच्छरों की रोकथाम संभव नहीं हो पाई है। जबकि यह तथ्य अब आम लोग भी समझने लगे हैं कि आमतौर पर किसी भी जगह साफ पानी का जमाव ही इस मच्छर के पनपने और फैलने के लिए जिम्मेदार होते हैं।

एक मुश्किल यह भी है कि अक्सर डेंगू की चपेट में आने के बावजूद लोग इसे आम मौसमी बुखार मान कर इसके सही इलाज में ढिलाई बरतते हैं और बाद में प्लेटलेट गिरने के साथ-साथ मरीज की हालत ज्यादा बिगड़ने लगती है। इस वजह से भी कई लोगों की जान पर बन आती है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि आने वाले महीनों में गरमी के बाद जब बरसात के मौसम की शुरुआत होगी, तब डेंगू का खतरा और गहरा सकता है। वक्त रहते एक ओर लोगों को अपनी ओर से डेंगू फैलाने वाले मच्छरों की रोकथाम को लेकर सजग रहने की जरूरत है, दूसरी ओर सरकार को भी आम आबादी के बीच निरीक्षण के साथ इसके फैलाव को रोकने के लिए हर तरह के उपाय करने चाहिए।

# सही समय पर समुचित फैसला

# खाद्य सुरक्षा बनी सरकार की प्राथमिकता

**विश्व को 28 प्रतिशत गेहूं का निर्यात रूस और यूक्रेन करते थे। वैश्विक स्तर पर गेहूं की मांग बढ़ने से निजी कंपनियों ने किसानों से सीधे गेहूं खरीद कर भंडारण करना शुरू कर दिया था, जिससे बाजार में गेहूं और उससे जुड़े उत्पादों आटा, बिस्किट, ब्रेड आदि की कीमतों में बढ़ोतरी होने लगी। लिहाजा मुद्रास्फीति का ग्राफ भी बढ़ने लगा। कई निर्यातक 27,000 रुपये प्रति टन की दर से गेहूं का निर्यात कर रहे थे। बाजार में बढ़ी कीमतों का लाभ लेने के लिए किसानों ने अपने गेहूं को सरकारी मंडियों में बेचना कम कर दिया। परिणामस्वरूप सरकारी खरीद पिछले 15 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई। सरकार की खरीद 13 मई तक 1.8 करोड़ टन हुई थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत कम रही।**



गेहूं की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने, खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने एवं पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देते हुए भारत सरकार द्वारा गेहूं निर्यात पर लगाया गया प्रतिबंध सही समय में लिया गया उचित निर्णय है। वैश्विक गेहूं निर्यात में मात्र पांच प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले भारत की आलोचना करने वाले जी-7 देश आने वाले समय में इस बात को अवश्य स्वीकार करेंगे। दरअसल रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति बाधित होने से वैश्विक स्तर पर गेहूं की कीमतों में 60 प्रतिशत तक उछाल आया है। निजी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर मोदी सरकार ने यही संदेश देने की कोशिश की है कि गेहूं का निर्यात केवल सरकार से सरकार को ही होगा। सरकार ने कोरोना रोधी वैक्सीन वितरण में भी इसी रणनीति का पालन किया था। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत सरकार द्वारा एक करोड़ टन गेहूं का निर्यात किया जाएगा। देखा जाए तो कृषि वस्तुओं के निर्यात ने आज किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वारा खोल दिए हैं। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने कुल 72.15 लाख टन गेहूं का रिकार्ड निर्यात किया था। वहीं केवल अप्रैल 2022 में ही भारत ने 14.63 लाख टन गेहूं का निर्यात कर दिया है। वाणिज्य मंत्रलय के अनुसार भारत ने मोरक्को, तुर्की, इंडोनेशिया, ट्यूनीशिया, फिलीपींस, थाईलैंड, वियतनाम, अल्जीरिया और लेबनान में अपने प्रतिनिधि भेजे हैं, जिससे नए समझौतों द्वारा कृषि व्यापार को बढ़ावा दिया जा सके। जाहिर है कि अगर किसान अपने कथित नेताओं से भ्रमित न हुए होते तो आज बाजार की बढ़ती कीमतों का लाभ उन्हें अवश्य मिलता। गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का एक अन्य कारण भीषण गर्मी एवं लू के चलते उत्पादन लक्ष्य का कम हो जाना भी है। फरवरी माह में पिछले वर्ष के 10.99 करोड़ टन के मुकाबले इस वर्ष 11.13 करोड़ टन गेहूं के उत्पादन की संभावना व्यक्त की गई थी, परंतु मार्च से लेकर अप्रैल के मध्य तक गेहूं उत्पादक राज्यों में तेजी से तापमान के बढ़ने के कारण समय से पहले ही गेहूं की कटाई करनी पड़ी। अब उत्पादन 9.5 करोड़ टन होने का ही अनुमान है। इस ग्लोबल वार्मिंग के लिए भी वही जी-7 देश जिम्मेदार हैं, जो गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण अमेरिका और आस्ट्रेलिया आदि देशों में भी गेहूं का उत्पादन कम हुआ है। वे सभी देश वही कर रहे हैं, जो भारत कर रहा है। फिर उनकी नाराजगी भारत से ही क्यों? जी-7 देशों का तर्क है कि भारत के फैसले से एशिया-अफ्रीका के देश प्रभावित होंगे। जर्मनी को आशंका है कि जो देश मक्का, चावल आदि का निर्यात करते हैं, वे भी इसी राह पर चलेंगे तो वैश्विक स्तर पर बड़ा खाद्य संकट आ सकता है। भारत सरकार का मत है कि जरूरतमंद देशों को गेहूं का निर्यात किया जाएगा। खाद्य संकट का सामना कर रहे पड़ोसी देशों श्रीलंका और अफगानिस्तान की मदद भारत पहले से ही कर रहा है। भारत सरकार वैश्विक स्तर पर कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार से सरकार के बीच निर्यात की कड़ी विकसित करना चाहती है। सरकार द्वारा सरकार को गेहूं का निर्यात करने से यह सही हाथों में जाएगा और विदेशी सरकार भी उस अनाज को सही लोगों तक उपलब्ध करवा पाएगी। साफ है कि भारत सरकार का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों को निजी हाथों से बचाना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कंपनियों के खेल को रोकना है। इस तरह सरकार इतिहास की उन गलतियों को भी नहीं दोहराना चाहती कि पहले कम कीमत पर निर्यात किया जाए और फिर उसी वस्तु की कमी होने की स्थिति में महंगे दामों पर आयात किया जाए। वर्ष 2004-05 में हमने गेहूं का निर्यात किया। फिर स्टाक कम होने की स्थिति से बिगड़े हालात में महंगे दाम पर गेहूं का आयात किया। 2007-08 में चीनी के संदर्भ में भी यही कहानी दोहराई गई थी। रिजर्व बैंक के अनुसार 2007-08 में 30 लाख टन चीनी का निर्यात 18.5 रुपये प्रति किलो पर किया गया और 2008-09 में 25 लाख टन चीनी का आयात 30 रुपये प्रति किलो की दर पर किया गया। यह उल्लेखनीय है कि किसी समय गेहूं के आयातक देश रहे भारत की तरफ आज पूरा विश्व देख रहा है।

## आज का राशिफल

### मेष
कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा।

### वृषभ
किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

### मिथुन
व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें।

### कर्क
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है। समय का लाभ लें। मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा।

### सिंह
नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है।

### कन्या
धन लक्ष्मी की प्राप्ति होगी। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें। विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें।

### तुला
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे।

### वृश्चिक
किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी।

### धनु
चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### मकर
आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। जोखिम के कार्य टालें। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा।

### कुंभ
शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है। प्रमाद न करें। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

### मीन
स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा।

## नागौर आस-पास

# मॉडल स्कूल मूंडवा में 1000 लीटर क्षमता के आरो प्लांट का हुआ शुभारंभ

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल मूंडवा में 1000 लीटर क्षमता के आरो प्लांट का आज शुभारंभ किया गया। विद्यालय के कक्षा 12 के छात्रों द्वारा भेंट इस आरओ प्लांट का उद्घाटन विद्यालय के कक्षा 12 के छात्रों के प्रतिनिधि व विद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष श्री पुखराज सेन के हाथों से किया गया। विद्यालय में 550 से अधिक छात्र संख्या होने के कारण मीठे पानी की व्यवस्था पर्याप्त नहीं थी, जिस कारण इतने दिन तक विद्यार्थी ट्यूबवेल का फ्लोराईड युक्त पानी पीने को मजबूर थे। खुद कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने इस पीड़ा को झेला था। इस पेयजल समस्या को देखते हुए कक्षा 12 के छात्रों ने अपने विदाई समारोह के दौरान विद्यालय में अपने अन्य भाइयों के लिए मीठे पानी हेतु आरओ प्लांट लगाने की घोषणा की थी। इस आरओ प्लांट के लगने के बाद विद्यालय में अब पेयजल की समस्या नहीं रहेगी। कार्यक्रम हेतु अभिरुचि शिविर के विद्यार्थियों ने वरिष्ठ अध्यापक श्यामसुंदर जांगिड़ व कमला चौधरी के निर्देशन में साज सज्जा की। वरिष्ठ अध्यापक कंवरी लाल जेठू, फरडोडा, रामूराम खोजा व सज्जनसिंह ने छात्रों को प्रसाद वितरण किया । कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक बंशीलाल व पार्षद कैलाश मुंडेल के साथ अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# नरेगा कार्मिक संघ आन्दोलन राजस्थान के 18वें दिन भी जारी



## 16 मई से जिला पशु प्रदर्शनी मानासर में धरने की शुरुआत

हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागोर डेली न्यूज़ ) :** राजस्थान महात्मा गांधी नरेगा कार्मिक संघ राजस्थान के आव्हान पर आज 18 वें दिन से भी नागौर जिले के समस्त नरेगा कार्मिक हड़ताल पर धरना प्रदर्शन जारी है। 16 मई से जिला स्तरीय धरना पशु प्रदर्शनी मानासर में चल रहा है। लंबे समय से संविदा पर कार्यरत मनरेगा कार्मिक सरकार से अपने नियमितीकरण कि मांग कर रहे हैं । वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र की महत्वपूर्ण योजना नरेगा को चलाने वाले समस्त संविदा कर्मियों के एक साथ हड़ताल पर जाने से नरेगा योजना प्रभावित हो रही है इसलिए सरकार को अल्प मानदेय संविदा कर्मियों की हड़ताल पर सकारात्मक निर्णय लेकर के उनकी पीड़ा को सुननी चाहिए। लगभग 14 वर्षों से इस योजना में हजारों संविदा कर्मी नियोजित है जो बहुत ही अल्प मानदेय में देश की सबसे बड़ी योजना मनरेगा का संचालन करते हैं। धरना स्थल पर सभी ब्लॉकों से आए अनेक संविदा कर्मियों ने रोष प्रकट करते हुए बताया कि सरकार को हमारी पीड़ा जल्द सुननी चाहिए और हम सब को नियमित करने के लिए एक ठोस कदम उठाना चाहिए।

# शिविर का आमजन को मिले फायदा : एसडीएम शर्मा

## आलनियावास में फॉलोअप शिविर का हुआ आयोजन

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ )।** आई टी केंद्र आलनियावास में भू अभिलेख वृत आलनियावास क्षेत्र से संबंधित ग्राम पंचायतों के लिए प्रशासन गांवो के संग अभियान के तहत फॉलो अप शिविर का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कैम्प में 86 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, पट्टो के 72, जॉब कार्ड 65, आबादी विस्तार के 01, नामांतरण 34, शुद्धि 10, बंटवारा 01, सीमाज्ञान 03, नकल के 52, रास्ते के 05 प्रकरणों का निस्तारण किया गया एवं आपसी सहमति से दावे के निस्तारण 1 प्रकरणों का किया गया7 कैम्प में प्रभारी गौरीशंकर शर्मा उपखण्ड अधिकारी रियांबड़ी रहे। शिविर में नायब तहसीलदार रामचंद्र भंवरिया, विकास अधिकारी हुकमाराम माली, सरपंच पुष्पा देवी, समाजसेवी ब्रह्मदत्त शर्मा, सहायक कृषि अधिकारी प्रियंका जाखड़, अनवर मोहम्मद जे ई एन, ग्राम विकास अधिकारी नौरतमल, नंदकिशोर टाक, पटवारी रामनिवास बोरानिया, सूचना सहायक इमरान हुसैन उपस्थित रहे।







# 5 माह से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

## चेक अनादर के मामले में चल रहा था फरार

हुकमाराम ताडा



**खींवसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** खींवसर पुलिस में कार्यवाही करते हुई एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। स्थाई वारंटी को नारवा खुर्द से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चेक अनादरण के प्रकरण में 5 माह से फरार चल रहा आरोपी को आखिर में पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। खीवसर पुलिस ने आरोपी को नारवा से गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक नागौर के निर्देशानुसार व राजेश मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर के निकट सुपरविजन विनोद कुमार सीपा डिप्टी नागौर के निकट सुपरविजन में गोपाल कृष्ण चौधरी थानाधिकारी मय टीम ने मुखबिर की सूचना पर 5 माह से चेक अनादरण के मामले में फरार स्थाई वारंटी मदन सिंह राजपुरोहित पुत्र सावल सिंह राजपुरोहित उम्र 47 वर्ष निवासी नारवा खुर्द पुलिस थाना खीवसर को गिरफ्तार किया है।

# आबादी क्षेत्र में शराब ठेके का नहीं थम रहा विरोध

## शिकायतों को नजर अंदाज कर रहे आबकारी अधिकारी

### एसडीएम के निर्देशों की नहीं की पालना

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** तहसील के ग्राम रोडू में आबादी क्षेत्र में संचालित शराब ठेके को आबादी से दूर स्थानांतरित करने का विरोध निरन्तर जारी है। इसके बावजूद भी शिकायतों व जनभावनाओं को आबकारी अधिकारी नजरअंदाज करते नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को एक बार फिर ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय लाडनूँ पहुंचकर एसडीएम अनिल गढ़वाल एवं पँचायत समिति प्रधान हनुमानराम कासनियां को इस समस्या से अवगत करवाया। ग्रामीणों का कहना है कि रोडू के आबादी क्षेत्र में ठेकेदार व दुकान मालिक मनमाने ढंग से ठेके का देर रात तक संचालन कर रहे हैं।

इससे वहां देर रात व दिनभर नशेड़ी लोगों का हुजूम रहता है। शराबी वहां से गुजरने वाले राहगीरों, महिलाओं एंव युवतियों को गाली गलौच भी करते हैं, जिससे ग्रामीणों के लिए यह नासूर बन गया है। ग्राम पंचायत की बैठक में भी सर्व सम्मति से शराब ठेके को वर्तमान स्थान से हटाने का निर्णय लिया गया मगर आबकारी विभाग के जिम्मेदारों को इसकी कोई परवाह नजर नहीं आ रही।

**एसडीएम के निर्देशों की पालना नहीं कर रहे आबकारी अधिकारी :** शुक्रवार को बड़ी संख्या में आये रोडू के ग्रामीणों ने फिर से लाडनूँ एसडीएम अनिल कुमार गढ़वाल व पँचायत समिति प्रधान हनुमानराम कासनियां से समस्या निजात दिलाने की गुहार लगाई। इस से दस दिनों पूर्व भी ग्रामीणों ने विधायक मुकेश भाकर व लाडनूँ एसडीएम गढ़वाल को ज्ञापन देकर समूचे प्रकरण एंव परेशानी से अवगत करवाया जिसके बाद एसडीएम ने मामले में संज्ञान लेते हुए डीडवाना आबकारी सीआई को पत्र लिखकर आगामी 7 दिनों में शराब ठेके को आबादी से दूर स्थानांतरित करने की कार्रवाई से अवगत करवाने के निर्देश दिए मगर इस मामले में भी आबकारी के अधिकारियों ने निर्देशों की पालना नहीं की व गैर जिम्मेदार रवैया अपनाया।

**इनका कहना है**

'ग्रामीणों की समस्या वाजिब है उन्हें सुनकर शराब ठेकेदार को ठेका अन्यत्र लगाने के लिए नई दुकान का कियानामा बनाने के निर्देश दिए हुए हैं सोमवार तक मौका देखकर ठेके को अन्यत्र शिफ्टिंग की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।' **सुभाष गोदारा, सी.आई, आबकारी डीडवाना**

# मूंडवा पुलिस ने एनडीपीएस प्रकरण में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा पुलिस ने एनडीपीएस के प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी रिछपाल सिंह ने बताया कि थाना अधिकारी कोतवाली नागौर द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कार्रवाई करते हुए 27 अगस्त 2021 को सुनील गिरी, विकास आचार्य के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 9 किलो 200 ग्राम अल्टो कार में परिवहन करने के दौरान कोतवाली थाना द्वारा कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसकी जांच मूंडवा थानाधिकारी रिछपाल सिंह द्वारा की गई। इसमें कार्रवाई करते हुए मोहम्मद आबिद पुत्र मोहम्मद सुलेमान उम्र 27 वर्ष नागौर लोहारपुरा से गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में थानाधिकारी रिछपाल सिंह, कांस्टेबल हनुमानराम, हरेंद्र, कानाराम मौजूद रहे।

# आलनियावास में प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत फॉलोअप शिविर का हुआ आयोजन



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** आलनियावास के राजीव गाँधी सूचना केंद्र आलनियावास में भू अभिलेख वृत आलनियावास क्षेत्र से संबंधित ग्राम पंचायतों के लिए प्रशासन गांवो के संग अभियान के तहत फॉलो अप शिविर का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। 86 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, पट्टो के 72, जॉब कार्ड 65, आबादी विस्तार के 01, नामांतरण 34, शुद्धि 10, बंटवारा 01, सीमाज्ञान 03, नकल के 52, रास्ते के 05 प्रकरणों का निस्तारण किया गया एवं आपसी सहमति से दावे के निस्तारण 1 प्रकरणों का किया गया7 कैम्प में प्रभारी गौरीशंकर शर्मा उपखण्ड अधिकारी रियांबड़ी, नायब तहसीलदार रामचंद्र भंवरिया, विकास अधिकारी हुकमाराम माली, सरपंच पुष्पा देवी, भाजपा युवा नेता ब्रह्मदेव शर्मा सहायक कृषि अधिकारी प्रियंका जाखड़, अनवर मोहम्मद जे ई एन, ग्राम विकास अधिकारी नौरतमल, नंदकिशोर टाक, पटवारी रामनिवास बोरानिया, इमरान हुसैन, पूर्व उप सरपंच जुगराज बावरी,वार्ड पंच चेना राम माली, रतन सिंह शेखावत आदि उपस्थित रहे। इस दौरान सरपंच पुष्पा देवी सरपंच ने उपस्थित अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ग्रामीणों की मौके पर समस्या सुलझा कर जो कार्य इस तीक्ष्ण गर्मी में किया इसका मै व मेरे ग्राम वासी आपका हार्दिक आभार प्रकट करते है।

# दोनों भाइयों ने मिलकर गढ़ी थी लूट की साजिश, 12 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा

पुखराज तानाण



**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू खाटू पुलिस थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन राजापुरा मार्ग पर गुरुवार रात्रि 9 बजे के करीबन 11 लाख 70 हजार रुपए की लूट हो गई। सूचना पाकर थानाधिकारी रामेश्वर लाल मेघवाल सहित पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना के बाद दोनों तरफ के हाईवे के पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। चारो ओर नाकेबंदी करवाई। लेकिन लूट के सुराग नहीं मिले।

**इस तरह बनाया लूट का प्लान :** छोटी खाटू निवासी राजकुमार सोनी पुत्र राधेश्याम सोनी ने अपने पास की दुकान करने वाले तुलसीराम उर्फ रामा मराठा पुत्र दादा काले मराठा उम्र 31पर वर्षो से भरोसा जताते हुए 11लाख 70 हजार रुपए लेने के लिए डेगाना तहसील के राजापुरा गांव अपने रिश्तेदार के पास भेजा। तुलसीराम उर्फ रामा मराठा पिछले सात वर्ष से छोटी खाटू में सोने चांदी व जड़ाव की दुकान करता था। रामा मराठा की छोटी खाटू मार्केट में अच्छी पहचान भी बनाई हुई थी पर नियत खराब करके लूट का प्लान तय कर लिया। लूट का मामला उसके छोटे भाई जो सात दिन पहले छोटी खाटू आया उसने प्लान बनाकर बड़े भाई को लूट के लिए तैयार कर दिया। छोटी खाटू से रामा मराठा गुरुवार की देर रात्रि 8 बजकर 40 मिनट पर रुपए लेकर राजापुरा से रवाना हुआ। 8 बजकर 50 मिनट पर लूट की झूठी घटना रची। रामा मराठा ने अपने भाई को राजापुरा बड़ी खाटू स्टेशन के बीच खड़ा करके रुपए से भरा बैग उसको थमा दिया। साथ ही झूठी कहानी बनाते हुए पुलिस को लूट की सूचना दी तब तक तुलसीराम उर्फ रामा मराठा ने अपने भाई सागर मराठा उम्र 27 को खाटू स्टेशन से ट्रेन से जोधपुर की तरफ फरार कर दिया। मौके पर थानाधिकारी रामेश्वर लाल मेघवाल, डिप्टी रामेश्वरलाल कडेला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल मौके पर पहुंचे। मामले की जांच पड़ताल में लग गए। थानाधिकारी रामेश्वरलाल ने बताया कि लूट के बारे में जांच पड़ताल की तो आरोपी मनगढ़त बाते बनाने लग गया।पुलिस को शक हुआ की इस घटना को खुद द्वारा रची हुई लग रही है।पुलिस ने गहनता से मामले की पूछताछ की तो मामला का खुलासा हो गया।

**छोटे भाई को गिरफ्तार कर रुपए किए जब्त**

पुलिस की गहनता से जांच करने पर रामा मराठा ने खुद द्वारा लूट की वारदात को कबूल किया। पुलिस ने आरोपी के भाई को भी बीच रास्ते से गिरफ्तार करके 11लाख 70 हजार रुपए जब्त कर लिए।

**परिवार की आर्थिक तंगी दूर करने के लिए बनाया था लूट का प्लान**

लूट की घटना के पीछे दोनो भाईयो ने बताया कि परिवार को आर्थिक तंगी से निकालने के लिए लूट करने का प्लान बनाया था।परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण रुपए की खास जरूरत थी। एक साथ लाखो रुपए होने के कारण नियत खराब कर बैठे और पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

# नरेगा कार्मिकों के आंदोलन के समर्थन में सरपंच संघ ने पंचायतों पर तालाबंदी की दी चेतावनी

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान महात्मा गांधी नरेगा कार्मिक संघ के आव्हान पर नागौर जिले की सभी पंचायत समितियो के महात्मा गांधी नरेगा कार्मिक अपनी मांगों को लेकर आज कार्मिक रैली निकालकर पशु प्रदर्शनी मानासर 17वे दिन धरने पर बैठे हैं। नरेगा संविदा कार्मिकों ने बताया 14 वर्षो से संविदा पर कार्यरत है और राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा व चुनावी वादे करने के बावजूद भी नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों पर अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है एवं सरकार सूचना - सूचना खेल रही है जिला मीडिया प्रभारी खुर्शीद आलम बताया कि बार-बार ज्ञापन के माध्यम से एवं जनसुनवाई में सरकार को अवगत करवाया गया किंतु सरकार द्वारा लगातार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दिया गया।

जिससे कार्मिकों में रोष है एवं कार्मिकों ने धरना देकर अपनी भर्ती को पूरी करवाने के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करवाने का प्रयास किया। संविदा कार्मिकों के आंदोलन में सरपंच संघ मुंडवा के अध्यक्ष शिवकरन धोलिया सहित सभी ब्लॉक अध्यक्षों व सरपंच गण ने भी समर्थन प्रदान कर आंदोलन की चेतावनी दी है। धरना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में कार्मिक उपस्थित रहे।

# नोखा चांदावता में आठवें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

फखरूद्दीन खोखर

**रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** नोखा चांदावता के भामाशाह ओम प्रकाश वैष्णव, बजरंगदास, मुनालाल, पिंटू एवं बबलू वैष्णव ने अपने स्वर्गीय पिताजी और माताजी बंशीदास रामेश्वरदास की याद में अपने पैतृक गांव नोखा चांदावता में लगातार आठवी बार नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

# राजकीय विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश में समाज सेवा योजना शिविर का हुआ आयोजन

शौकत खान





**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डेगाना में ग्रीष्मकालीन 15 दिवसीय समाज सेवा योजना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य भंवरलाल लोमरोड ने बताया कि यह शिविर 17 मई से 31 मई तक इस शिविर में सत्र 2021-22 में कक्षा 11 उत्तीर्ण करने वाले कुल 100 छात्र -छात्राएं भाग ले रहे हैं। शिविर प्रभारी व रानी लक्ष्मीबाई दल प्रभारी रामेश्वर लाल जाट ने बताया कि प्रतिभागियों के 50-50 के समूह में 2 दलों का गठन किया गया । भगत सिंह दल प्रभारी सुरेश लामरोड ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न गतिविधियां संपादित की जा रही है, इस शिविर के तहत प्रतिदिन सर्वधर्म प्रार्थना सभा, शांति यात्रा, प्रभात फेरी,रैली प्रदर्शनी, व्याख्यान, संगोष्ठी परिचर्चा, विद्यालय में पेड़ पौधों की देखरेख व उनको पानी पिलाना, साफ-सफाई व सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। शिविर के चतुर्थ दिवस को बाल हनुमान मंदिर चांदारूण रोड डेगाना में साफ सफाई की गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य भंवरलाल लोमरोड, रामेश्वर लाल जाट, सुरेश लामरोड, मूलाराम सिंवर,पालू चौधरी, रवि पलिया सुनील मेहरा, अरमान खान, जयश्री, मनीषा, दिव्या कंवर सहित अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# आज मनाई जाएगी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शनिवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। नगर कांग्रेस कमेठी अध्यक्ष सुतेन्द्र सारस्वत ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नगर परिषद के सभी पार्षद, कांग्रेस के समस्त अग्रिम संगठनों, सेवादल, यूथ कांग्रेस एनएसयूआई, महिला सेवा दल, महिला कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे।







# आज से शहर के भीतर से होकर नहीं गुजरेगी रोडवेज व प्राइवेट यात्री बसें

## कुचामन का नवीन आधुनिक बस स्टैण्ड शुरू

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के स्टेशन रोड पर राजकीय स्टेडियम के सामने बना संभाग का सबसे बड़ा व आधुनिक रोडवेज बस स्टैण्ड शनिवार से विधिवत शुरू हो जाएगा। नगर परिषद कुचामनसिटी आयुक्त श्रवणराम चौधरी से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 21 मई से कुचामनसिटी के नवनिर्मित आधुनिक बस स्टैण्ड से रोडवेज बसों का संचालन किया जाएगा। पुराने बस स्टैण्ड एवं गांधी चौक को अस्थाई सिटी पार्किंग के लिए आरक्षित किया गया है एवं इस स्थान से सभी प्रकार की यात्री बसों व टैक्सियों का संचालन निषेध रहेगा। नगरपालिका अध्यक्ष आसिफ खान ने बताया कि कल से सभी आम नागरिक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों की सेवाओं के उपयोग हेतु स्टेडियम के पास नवनिर्मित आधुनिक बस स्टैण्ड पर जाये।



### पहले 6 मई से शुरू होना था बस स्टैण्ड

गौरतलब है कि पहले यह नवीन रोडवेज बस स्टैण्ड 6 मई शुक्रवार से शुरू होना था परन्तु स्थानीय रोडवेज कार्मिकों के पास से राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम जयपुर से जरूरी आदेश नहीं पहुंच सके। इसके चलते विलम्ब हुआ। नगर परिषद ने भी आनन-फानन में पुराने रोडवेज बस स्टैण्ड के दोनों तरफ लोहे के एंगल लगा दिए ताकि रोडवेज व निजी बसे पुराने बस स्टैण्ड के अंदर प्रवेश ना कर सके तथा पुराना बस स्टैण्ड पार्किंग के रूप में स्थापित हो जाए। इस विलम्ब के चलते करीब 15 दिनों तक रोडवेज व निजी बसें पुराने रोजवेज बस स्टैण्ड के बाहर मुख्य रोड पर से ही सवारियों को उतारती व बैठाती रही जिससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था।

### पुराने बस स्टैण्ड के दुकानदारों का विरोध बरकरार

हालांकि नवीन बस स्टैण्ड की सौगात से जहां अधिकांश शहरवासी गदगद है वहीं पुराने बस स्टैण्ड के दुकानदार इस निर्णय से नाखुश है। दुकानदारों का कहना है कि भले ही नया रोडवेज बस स्टैण्ड शुरू कर दिया जाए परन्तु बसों को शहर के भीतर से ही गुजारा जाए तथा पुराने बस स्टैण्ड पर 2 मिनट का ठहराव रखा जाए। इस संबंध में दुकानदारों ने हॉल ही में पुराने बस स्टैण्ड के आसपास का बाजार बंद भी करवाया था। वहीं नगर परिषद का स्पष्ट मत है कि यदि रोडवेज व निजी बसों को शहर के अंदर से गुजारा जाता है तो नया बस स्टैण्ड फ्लॉप हो जाएगा और वे नहीं चाहते की करोड़ों का आधुनिक बस स्टैण्ड फैल हो।

### इनका कहना है



'नवीन रोडवेज बस स्टैण्ड की शनिवार से विधिवत शुरूआत हो जाएगी। यह आधुनिक बस स्टैण्ड करीब 2 बीघा जमीन पर बना है जो संभाग स्तरीय है। यहां कुल 79 दुकानों का पालिका ने निर्माण करवाया है जिसमें से 40 दुकानें निलाम की जा चुकी है। शीघ्र ही बाकी दुकानों की ऑक्शन प्रक्रिया शुरू करेंगे। इस आधुनिक बस स्टैण्ड पर करीब 10 करोड़ रूपयों की लागत आई है। 3 करोड़ 80 लाख का रेवन्यू दुकानों से पालिका को अब तक प्राप्त हो चुका है।'

**आसिफ खान, सभापति, नगर परिषद कुचामनसिटी।**



'सभी प्रकार की रोडवेज व निजी यात्री बसों का आवागमन शहर के भीतर से पूर्णत बंद कर दिया गया है। शहर की यातायात व्यवस्था एवं यात्री वाहनों के सफल संचालन के सम्बन्ध में एसडीएम, थानाधिकारी, प्राईवेट बस यूनियन व टैक्सी यूनियन से वार्ता की जा चुकी है। गांधी चौक से नये बस स्टैण्ड तक का टैम्पो-टैक्सी किराया 8 रूपये प्रति सवारी निर्धारित किया गया है। शहर के समस्त आमजन किसी भी प्रकार की बसों की सेवाओं के उपयोग हेतु नवीनतम आधुनिक बस स्टैण्ड पर जाये।'

**श्रवणराम चौधरी, आयुक्त नगर परिषद कुचामनसिटी।**

# सरकारी योजनाओं का आमजन को मिले लाभ : प्रधान गोरा



## ग्राम पंचायत जसवंताबाद का आकस्मिक निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ )।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन को लाभ मिले इसके लिए शुक्रवार को रियांबड़ी पंचायत समिति प्रधान उगमादेवी गोरा ने ग्राम पंचायत जसवंताबाद का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रधान गोरा के साथ किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मदनराम गोरा व रियांबड़ी विकास अधिकारी भागीरथ सिंह राठौड़ भी साथ रहे। आमजन की कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण एवं नियमन के उद्धेश्य से प्रधान पंचायत समिति रियांबड़ी उगमा देवी गोरा द्वारा ग्राम पंचायत जसवंताबाद का निरीक्षण करते हुए ग्राम विकास अधिकारी रामकरण चोटिया को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। प्रधान गोरा ने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यो की गुणवत्ता जांच के साथ रिकॉर्ड संधारण एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया।

उक्त निरीक्षण में दयाराम गुर्जर, कनिष्ठ अभियंता व बसंत कुमार डामेर, वरिष्ठ सहायक, रामकरण चोटिया ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहें। प्रधान गोरा ने ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से ग्राम पंचायत का कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नही रहें। सरपंच व उनकी टीम द्वारा यह सुनिश्चित किया जावें। उन्होंने कहा कि कार्य मे लापरवाही बरतने वाले कार्मिक के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। निरीक्षण टीम में प्रधान उगमादेवी गोरा के साथ विकास अधिकारी भागीरथ सिंह राठौड़, नरेगा कनिष्ठ अभियंता दयाराम गुर्जर, लेखा अधिकारी बसंत कुमार डामोर शामिल रहे। इस अवसर पर सरपंच संतोष बाना, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मदनराम गोरा, समाज सेवी रामावतार बाना, ग्राम विकास अधिकारी रामकरण चोटिया मौजूद रहे।

# गौशाला में कथा सम्पूर्ण होने पर नम आंखों से महाराज को दी विदाई

## कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने गौशाला में दिए 41 लाख नगद और एक ट्रेक्टर

फखरूद्दीन खोखर





**रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** इंदोकली गांव के श्री रामदेव गौशाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को विश्राम दिवस समारोह में कथा प्रवक्ता श्रीकरुणा मूर्ति धाम के त्यागी संत हेतमराम महाराज ने कहा कि चाहे कितना ही धन वैभव बढा लो, चाहे कितना ही जीवन सजालो पर श्री कृष्ण की भक्ति के बिना सुंदर नारी की नाक कटी हुई ऐसी स्थिति है, श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान महाराज ने कहा कि सबसे बड़ा दान कन्यादान होता है। इससे बड़ा दान संसार में कोई दान नहीं है। त्यागी संत ने श्री कृष्ण रुकमणी के विवाह में कन्यादान के पावन प्रसंग पर कहा कि तुम्हारे पास जो भी सम्पत्ति है,उसे गौ - सेवा में लगा दो ,यह लोक व परलोक दोनों ही सुधर जायेंगे । पहले लोग गो पालन करते थे,आज केसा कलयुग आ गया है,कुछ लोग तो भैंस पाल है, तो कुछ धनवान लोग कुत्ता पाल बन रहे हैं, उनसे निवेदन है कि अपनी वैदिक हिन्दू संस्कृति को न छोडे। त्यागी संत ने कहा कि इस सुदामा चरित्र से यह संदेश मिलता है कि मित्रता में पद और प्रतिष्ठा आड़े नहीं आना चाहिए। इससे तात्पर्य है कि मित्रता में एक दूसरे का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। मित्रता में कोई छोटा बड़ा नहीं होता। सत्ता पाकर व्यक्ति को घमंड नहीं करना चाहिए। बल्कि उसे श्रीकृष्ण जैसा विनम्रता एवं उदारता का आचरण अपनाना चाहिए। जो इंसान श्रीकृष्ण के जैसा आचरण अपना लेता है। वह संसार के मोह माया से पूरी तरह त्याग कर देता है।कथा में बताया गया कि भगवान के लिए प्रेम कितना महत्वपूर्ण है। भगवान कैसे प्रेम के भूखे हैं। और यही कारण था कि श्रीकृष्ण अपने मित्र सुदामा के पहुंचने पर नंगे पांव उनसे मिलने के लिए दौड़े चले गए। सुदामा-कृष्ण की मित्रता आज के दौर में दोहराई जाए तो मानवीय मूल्य सब लोगों के भीतर आत्मसात होंगे।

**झांकियों ने मन मोहा :** पंडित मुकेश दाधीच ने वैदिक मंत्रोच्चारण से व्यासपीठ पर विराजमान श्रीमद् भागवत महापुराण का विधिवत पूजा पाठ और आरती कर भागवत कथा का समापन किया। इस दौरान बच्चों ने देवी-देवताओं की झांकिया प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कथा के समापन समारोह पर शोभा यात्रा सहित अनेक धार्मिक आयोजन हुए।

इस अवसर पर आस-पास के गांवों के भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। गौशाला के पदाधिकारियों ने बताया सात दिवसीय कथा में 41 लाख रुपए नगद और एक ट्रैक्टर दानदाताओं की ओर से दिया गया इसी प्रकार कथा संपूर्ण होने पर ग्रामीणों द्वारा महाराज को नम आंखों से विदा किया गया।

# हृदय रोग जांच व परामर्श शिविर रविवार को

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लायंस क्लब कुचामनसिटी के तत्वावधान में श्री रामअवतार सीताराम चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से रामजीवन काबरा रोग निदान केंद्र पर हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर का रविवार को आयोजन किया जाएगा। शिविर संयोजक लॉयन नरेंद्र शर्मा ने बताया कि शिविर में सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील जैन अपनी सेवाएं देंगे। क्लब सचिव लॉयन मुकेश डालुका ने बताया कि शिविर हेतु रेजिस्ट्रेशन प्रातः 9.30 बजे से शिविर स्थल पर ही किया जाएगा। कोषाध्यक्ष लॉयन मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि शिविर में कोविड-19 के मद्देनजर राजकीय गाइडलाइन की अनुपालना की जाएगी।

# गौसेवा कर मनाया जन्मदिन

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** महावीर इंटरनेशनल युवा केंद्र द्वारा किए जा रहे सामाजिक सेवा कार्यों से प्रेरित होकर आजकल ज्यादातर आमजन विभिन्न प्रकार से अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते है। इसी प्रकार की गौ सेवा की भावना से प्रेरित होकर प्रवीण-खुशबू डोसी ने अपनी सुपुत्री तनीषा का जन्मदिन शाकम्भरी गौशाला में गौमाता को हरा चारा खिलाकर मनाया। इस दौरान युवा केंद्र के अध्यक्ष आनन्द सेठी, गौशाला व्यवस्थापक रवि भार्गव के साथ कोषाध्यक्ष संदीप पांड्या, आशीष झंझरी, विशाल-राखी-वीरा पटौदी, खुशबू पाटनी, प्रियांशु डोसी, सोनू पांड्या, विधि-सौमी पांड्या, अमित पहाड़िया, आशा सेठी, सीमा- हितांशी लुहाड़िया, संतोष डोसी एवम अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# वार्ड 6 से 10 तक के लिए आयोजित हुआ शिविर, 11 लाख का राजस्व किया प्राप्त

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शुक्रवार को प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 अन्तर्गत द्वितीय चरण में नेहरू उद्यान परिसर, नगर परिषद कार्यालय कुचामनसिटी में वार्ड संख्या 6, 7, 8, 9 व 10 के शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कृषि भूमि के 22 पट्टे, 69-ए अन्तर्गत 07 पट्टे, स्टेट ग्रान्ट के 02, लीज होल्ड से फ्री होल्ड का 01 एवं नामान्तरण के 02 प्रकरण निस्तारित किये गये। इसके अतिरिक्त 29 जन्म-मृत्यु प्रकरण निस्तारित किये गये। इस प्रकार पालिका में लगभग 11 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। शिविर में सभापति आसिफ खान, आयुक्त श्रवणराम, उपसभापति हेमराज चांवला, सम्बन्धित वार्ड पार्षद अयुब अली, सुरेश सिखवाल, खेताराम, अंकित डालूका, फूलचन्द, मनोनीत पार्षद कानाराम बुनकर, दीनदयाल कुमावत एवं अन्य पार्षदगण, आरीफ खान व शिविर प्रभारी राजेन्द्र रेवाड़, कनिष्ठ लेखाकार के साथ सहायक अभियन्ता ललित गुप्ता, पालिका कार्मिक रफीक अहमद, महेश कुमार, कनवरलाल, महावीरप्रसाद कुमावत, अक्षय प्रजापति, पवन शर्मा, आशिष दाधीच आदि उपस्थित रहे।









स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com